# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 जुलाई 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करने के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन–भव्य रसायन स्कीम को आज मंजूरी दी है। यह योजना तीन हजार तीस करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस से वित्त वर्ष दो हजार तीस–इकत्तीस तक लागू की जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।

**भव्य रसायन स्कीम बनाई है। भव्य रसायन स्कीम का बेसिक थीम है प्लग–एंड–प्ले केमिकल पार्क्स। प्लग–एंड–प्ले केमिकल पार्क्स टाइम–टेस्टेड स्टेटजी है, दुनिया के कई देशों ने यह की है। और इस स्टेटजी में केमिकल में कॉम्प्लेक्सिटी आती है एनवायरनमेंटल इश्यूज के कारण। एनवायरनमेंटल कंसर्न्स बहुत महत्वपूर्ण हैं केमिकल इंडस्ट्री में। सेफ्टी कंसर्न्स बहुत महत्वपूर्ण हैं केमिकल इंडस्ट्री में।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पेपर लीक की घटना के बाद पिछले ढाई महीने में कई कदम उठाए गए हैं। दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कल रात एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि सरकार की मुख्य जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना था कि विद्यार्थियों का शैक्षणिक वर्ष व्यर्थ न जाए।

**हमारा सबसे महत्वपूर्ण जिम्मा था कि विद्यार्थियों का एक वर्ष बर्बाद न हो। तत्काल परीक्षाएँ लेना बहुत जरूरी था। सरकार ने अपनी पूरी शक्ति का उपयोग करके कम से कम समय में 22 लाख जितने विद्यार्थियों के एग्जाम हो जाएँ, इसका प्रबंध किया। और अभी 5–6 दिन पहले, 19 तारीख को रिजल्ट भी आ गया। और देशभर में उत्तीर्ण हो गए विद्यार्थियों की, खुशियों की खबरें भी आ रही हैं। लेकिन हम वहाँ पर संतोष मानने वाले लोगों में से नहीं हैं। और इसलिए, मैंने फास्ट–ट्रैक कोर्ट के लिए विभागों को निर्देश दिए।**

इस बीच, संसद के दोनों सदनों में आज लगातार पांचवें दिन नीट पेपर लीक के मुद्दे पर हंगामा जारी रहा। कई बार के स्थगन के बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं, सर्वोच्च न्यायालय ने आज केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नीट–यूजी पेपर लीक मामले के बाद सुधारों को लागू करने में हुई प्रगति पर एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**********

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कल रात गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में केंद्रीय मंत्रियों जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में छब्बीस दिनों से जारी अनशन समाप्त कर दिया।

**इससे पहले, विभिन्न राजनीतिक दलों के 65 सांसद भी वहां पहुंचे और पत्र लिखकर अनशन समाप्त करने का आग्रह किया था। श्री वांगचुक ने कहा उन्होंने विभिन्न शर्तों पर लंबी बातचीत के बाद अनशन समाप्त किया है। श्री वांगचुक 28 जून से शिक्षा प्रणाली में सुधार और पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने की मांग को लेकर अनशन पर थे। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मृगनयनी पांडेय।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री वांगचुक से सोशल मीडिया के जरिए अपील की है कि वह डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अपनी दिनचर्या का पालन करें और जल्द से जल्द अपने सामान्य वजन को प्राप्त करें।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ छत्तीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर दौरे के तीसरे दिन आज जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान गोरखनाथ मंदिर परिसर पहुंचे करीब एक सौ पचास फरियादियों से मुलाकात की।

**गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक–एक कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके प्रार्थना पत्र लिए। उन्होंने पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही इलाज के लिए आर्थिक मदद से जुड़े प्रार्थना पत्रों पर उन्होंने अस्पतालों के इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूरा करने को कहा। आकाशवाणी समाचार के लिए जीएन चौबे गोरखपुर ।**

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर, जबकि कल कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने इस अवधि में कहीं कहीं बिजली गिरने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

**********